भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1752
13 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना

1752. श्रीमती सागरिका घोषः

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की शुरुआत से लेकर अब तक विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत विशिष्ट इस्पात का कितना उत्पादन हुआ है;
(ख) वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त और उपयोग किए गए कुल निवेश का ब्यौरा क्या है;
(ग) अक्टूबर 2024 से चल रही अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजनाओं में कितनी समीक्षा बैठकें की गई हैं; और
(घ) इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में मध्यम कार्बन फेरोमैंगनीज के ऊर्जा कुशल उत्पादन की परियोजना को बंद करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (घ): लगभग 2.4 मिलियन टन विशेष इस्पात का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया गया है, और दिसंबर 2025 तक उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लगभग 23,600 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) परियोजनाओं की समीक्षा की गई है। परियोजना समीक्षा समिति (पीआरसी) परियोजनाओं पर प्रगति, परिणामों की प्राप्यता, परियोजना हितधारकों के बीच विचारों का मतभेद , यदि कोई हो, आदि जैसे कारकों के आधार पर निर्णय लेती है।

******